
पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, एआई टेक्नोलॉजी की मदद से हो रही पर्यटकों की गिनती

# यूपी में आ रहे आबादी से दोगुने पर्यटकः योगी

**उपलब्धि**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो-पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पर्यटन से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**टूरिस्ट डेस्क की स्थापना के निर्देश**

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक-ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। सीएम योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ-साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के हर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर टूरिस्ट डेस्क की स्थापना की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और रोजगार को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, रेस्टोरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। यूपी अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है।

- 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास
- ब्रज के शिल्पी : सफलता की कहानियां' और 'हैंड क्राफ्टेड प्रॉस्पेरिटी' का विमोचन

# कैबिनेट बैठक में आज 21 से ज्यादा प्रस्तावों पर मुहर लगेगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक बुलाई है। बैठक में 21 से ज्यादा प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इसमें छह जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी को मिला कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विकसित करने को अध्यादेश को मंजूरी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही लैंड पुलिंग नीति को भी कैबिनेट से मंजूर कराया जाएगा। यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा लखनऊ मेट्रो फेज वन बी ईस्ट वेस्ट कारिडोर चारबाग से बसंत कुंज तक मेट्रो रेल चलाने के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी दिलाई जाएगी।

**इन प्रस्तावों पर होगा फैसला**

- अनपरा ई तापीय परियोजना की स्थापना के लिए 18624.83 करोड़ रुपये पर अनुमोदन
- नेयवेली पावर को बंधक-पत्र के निष्पादन हेतु पंजीकरण शुल्क और स्टाम्प शुल्क से छूट दी जाएगी
- विदेशी मदिरा को बोतलों में भरने की नियमावली, 2020 का शुद्धि पत्र निर्गत करना
- उत्तर प्रदेश राज्य आबकारी बकाये पर एकमुश्त समाधान योजना 2023-24 को मिलेगी मंजूरी